
# कैंपस जागरण

## समाचार सार

### प्रदर्शनी में दिखाया संविधान निर्माण में महिलाओं का योगदान




वाईबीएम यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि. ● जागरण

जासं, रांची : संविधान दिवस पर बुधवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए) के कलाकोश विभाग व वाईबीएन यूनिवर्सिटी के संयुक्त सहयोग प्रदर्शनी लगाई गई। वाईबीएन यूनिवर्सिटी में लगी प्रदर्शनी में संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली 15 विशिष्ट महिला सदस्यों को समर्पित थी। नींव का मुख्य उद्देश्य संविधान सभा की इन अद्वितीय महिलाओं के योगदान, उनके विचारों, संघर्षों और अदम्य संकल्प को स्मरण एवं उजागर करना था।